नामांक Roll No.

No. of Questions – **30**

S-98-Social Science (D & D)

No. of Printed Pages – **7**

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2018

सामाजिक विज्ञान

(SOCIAL SCIENCE)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्नों के अंक भार उनके सम्मुख अंकित हैं ।

(6) प्रश्न संख्या 30 मानचित्र से संबंधित है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।

(7) प्रश्न संख्या 25 व 28 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

1. अशोक के अधिकांश अभिलेख किस लिपि में है ? **1**

   (अ) संस्कृत (ब) पालि

   (स) हिन्दी (द) ब्राह्मी

2. राज्यसभा का पदेन सभापति होता है **1**

   (अ) राष्ट्रपति (ब) उपराष्ट्रपति

   (स) प्रधानमंत्री (द) गृहमंत्री

3. भारत में सर्वाधिक गेहूँ उत्पादन करने वाला राज्य है **1**

   (अ) पंजाब (ब) उत्तरप्रदेश

   (स) हरियाणा (द) राजस्थान

4. भारत में मुद्रास्फिति के माप हेतु सूचकांक का उपयोग किया जाता है **1**

   (अ) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ब) थोकमूल्य सूचकांक

   (स) राष्ट्रीय आय अवस्फीति (द) उपर्युक्त सभी

अति–लघूत्तरात्मक प्रश्न :

5. 'इलाहाबाद प्रशस्ति' का लेखक कौन था व किस शासक का दरबारी कवि था ? **2**

6. कनिष्क के योगदान की संक्षिप्त विवेचना कीजिए । **2**

7. साइमन कमीशन का भारतीयों ने क्यों विरोध किया ? **2**

8. डेमोक्रेसी (Democracy) शब्द ग्रीक भाषा के किन शब्दों के संयोग से बना है और उनका क्या अर्थ है ? **2**

9. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति हेतु कोई दो योग्यताएँ बताइए । **2**

10. मक्का की फसल के बार में संक्षिप्त वर्णन कीजिए । **2**

11. दो धात्विक खनिजों के नाम लिखिए । **1+1=2**

12. भारत में बेरोजगारी के दो कारण बताइए । **1+1=2**

13. सड़क दुर्घटनाओं से बचने के दो उपाय बताइए । **1+1=2**

14. ठोस कचरा प्रबन्धन कहाँ तक सीमित है ? **2**

लघूत्तरात्मक प्रश्न :

15. लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए आवश्यक तीन शर्तों (परिस्थितियों) का सुझाव दीजिए । **3**

16. राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को कौन सी योग्यताएँ आवश्यक है ? **3**

17. आप लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कौन सी तीन शक्तियों का प्रयोग करेंगे ? **3**

18. उच्च न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार को स्पष्ट कीजिए । **3**

19. आप किन्हीं तीन ऐसी परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिसमें किसी विधानसभा के सदस्य की सदस्यता का अन्त हो जाता है । **3**

20. बावड़ी क्या है ? प्रकाश डालिए । **3**

21. ग्रामीण से शहरी क्षेत्र की ओर जनसंख्या के प्रवास के प्रमुख कारण लिखिए । **3**

22. सड़क परिवहन का महत्त्व क्यों बढ़ता जा रहा है ? कोई तीन कारण समझाइए । **3**

23. अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । **3**

निबंधात्मक प्रश्न :

24. मराठों के उदय में शिवाजी के योगदान की विवेचना कीजिए । 5

25. महात्मा गांधी द्वारा चलाए 'असहयोग आंदोलन' की विवेचना कीजिए । 4

अथवा

राजस्थान के किसान आंदोलन के कारणों को स्पष्ट कीजिए । 4

26. भारतीय अर्थव्यवस्था की कृषि पर अत्यधिक निर्भरता को समझाइए । 4

27. वस्तु-विनिमय किसे कहते हैं ? समझाइए । 4

28. औद्योगिक क्रान्ति इंग्लैण्ड में क्यों हुई ? कोई चार कारण बताइए । 4

अथवा

जर्मनी के एकीकरण में निम्न सहायक तत्त्वों की विवेचना कीजिए : 4

(i) बौद्धिक विकास

(ii) औद्योगिक विकास

29. आपकी दृष्टि से उपभोक्ता शोषण के कोई चार कारण बताइए । **4**

30. भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए : **4**

(i) दिल्ली

(ii) महाराष्ट्र

(iii) मध्यप्रदेश

(iv) उत्तरप्रदेश

नामांक Roll No.

S-98-Social Science (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2018

सामाजिक विज्ञान
(SOCIAL SCIENCE)



यहाँ से काटें Cut Here यहाँ से काटें Cut Here